SENIOR CERTIFICATE EXAMINATION
SENIORSERTIFIKAAT-EKSAMEN

OCTOBER / NOVEMBER
OKTOBER / NOVEMBER

2004

HINDI

(First Paper)

HG **132-1/1**

6 pages

HINDI HG: Paper 1

132 1 1 HG

COPYRIGHT RESERVED / *KOPIEREG VOORBEHOU*
APPROVED BY UMALUSI / *GOEDGEKEUR DEUR UMALUSI*

GAUTENG DEPARTMENT OF EDUCATION

SENIOR CERTIFICATE EXAMINATION

HINDI HG
(First Paper)

TIME: 2 hours

MARKS: 100

INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

READ THESE INSTRUCTIONS CAREFULLY BEFORE ANSWERING THE QUESTIONS

विद्यार्थियों के लिए सूचनाएँ

१. आप के उत्तर की संख्या, प्रश्नों के अनुसार होनी चाहिए ।
२. सफाई, ढाँचा और व्याकरणिक प्रयोग अंक देने वाले को प्रभावित करेगा ।
३. सब उत्तर हिन्दी और देवनागरी में लिखिए ।

1. Number your answers exactly as the questions are numbered.
2. Neatness, planning and grammatical usage will influence the marker's impression of your paper.
3. Unless otherwise stated, all answers must be written in **HINDI** and in the **DEVANAGARI** script.

प्रश्न एक

१. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर ३५-४० पंक्तियों का निबन्ध लिखिए।

१.१. विज्ञान , वरदान या अभिशाप ?

१.२.समाचार पत्र

१.३.जीवन

१.४. आज पीछे मुड़कर कभी देखता हूँ तो सच नहीं लगता ...

१.५.शान्ति

१.६.एक बूँद पानी ...

१.७. निम्नलिखित चित्रों में सें किसी एक पर निबन्ध लिखिए।
निबन्द का उचित शीर्षक दीजिए





[५०]

प्रश्न दो...

प्रश्न दो

२.निम्नलिखित विषयों में सें किसी एक पर १५-२० पंक्तियों का पत्र लिखिए

२.१.जिस डाकखाने से तुम्हें पत्र मिलते हैं वहाँ के पोस्टमास्टर को पत्र लिखकर शिकायत कीजिए । इस संबंध में उनसे उचित कार्यवाही की प्रार्थना कीजिए।

अथवा

२.२.अपने पिता को पत्र लिखिए जिसमें आप अपने नए स्कूल का वर्णन करते हैं ।

अथवा

२.३. एक बालक का अधिक मिठाइ खाना , माँ का तंग होना - इस पर माँ और बालक के बीच में सम्वाद.... लिखिए

[२५]

प्रश्न तीन

३. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर पूरे वाक्यों में हिन्दी में दीजिए।

खेलों की खिलाड़ियों की

जसदेव सिंह

बात आखिर बहां तक जा ही पहुंची , जहां क्रिकेट का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय मैच देखते समय मन में यह शक जरूर पैदा होगा कि हम सचमुच में कोई मैच देख रहे हैं या हमारे सामने सिर्फ मैच का नाटक हो रहा है,जिस का अंत पहले से ही तय है।जब से क्रिकेट में पैसे की घुसपैठ हुई है बड़ेबड़े व्यापारिक संस्थान इस खेल के मुकाबलों को प्रायोजित करने की होड़ लगाने लगे हैं।

टीवी चैनल उनकी कवरेज का अधिकार पाने के लिए एकदूसरे से बढ़ कर पैसा देने की पेशकश करने लगे हैं और खिलाड़ियों को भी उन की मेहनत के मिलने वाले पैसे के अलावा मैन आफ द मैच, मैन आफ द सीरीज , सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए नकद पुरस्कार मिलने लगे हैं।

ऐसा पहले ही लगने लगा था कि बल्ले और गेंद का यह खेल, जिसे शरीफ लोगों का खेल कहा जाता है, <u>अब पैसे का खेल बन गया है।</u> और जब फैसे होगा, तो उसे पाने की लालसा भी बढ़ती जाएगी। उस के लिए गलत तरीके भी अपनाए जाएंगे।

यह तो तय है कि अभी तो मैच फिक्सिंग के कुछ और किस्से भी खुल कर सामनें आएंगे। दूसरे क्रिकेट खिलाड़ी देशों की सरकारें और बोर्ड भी न केवल सजग हो जाएंगे, बल्कि इस संबंध में अपनेअपने यहाँ जानकारी प्राप्त करने के लिए कारखाई भी करेंगे। क्रिकेट जैसे खेल पर यह एक काला धब्बा है, जो न जाने कभी साफ हो सकेगा या नहीं।

P.T.O.

३.१. क्रिकेट को देखते समय मन में क्या शक पैदा होता है ? (२)

३.२.*सर्व श्रेष्ठ* शब्द को अपनो शब्दों में हिन्दी में समझाइए। (४)

३.३.*अब यह पैसे का खेल बन गया* -अवतरण मे इस का क्या अर्थ है? (४)

३.४.क्रिकेट में क्या क्या पुरस्कार होते है? (४)

३.५. मैच फिक्सिग में कौन होते है ? (४)

३.६. अवतरण में से समानार्थी शब्द लिखिए।

३.६.१.लोभ ३.६.२. परिश्रम (२)

३.७. अवतरण में सें विलोम शब्द लिखिए।

३.७.१.शुरु ३.७.२.सफ़ेद (२)

३.७. आप के विचारों के अनुसार , खेल का सही अर्थ क्या है? (३)

[२५]

कुल अंक १००

END